Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & State level Examinations

STUDY NOTES

GENERAL AWARENESS

It always seems impossible until it's done.

BANK

IBPS SBI केनरा बैंक LIC SyndicateBank

www.mahendras.org www.mahendraguru.com

मुख्या समाचार

आर्थिक समाचार

- कर्नाटक बैंक ने पीओएस टर्मिनलों से नकद निकालने के लिए 'कैश@ पीओएस' सुविधा लॉन्च की है।
- एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बिहार के शाहाबाद भोजपुर क्षेत्र में सोन नहर की पानी का रिसाव रोकने (लाइनिंग) की परियोजना के लिए 50.3 करोड़ डॉलर का ऋण मंजूर किया।
- राजस्थान सरकार और सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने राजस्थान में कॉलेजों के लगभग 9,500 छात्र - छात्राओं को डिजिटल प्रशिक्षण देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- भारत और चीन के बीच भारतीय औषधियों पर चीन में आयात शुल्क कम करने पर सहमति हुई।
- दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी होटल श्रृंखला ओयो ने मुंबई की इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) क्षेत्र में काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनी एबल प्लस का अधिग्रहण किया है।
- दीपक पारेख के नेतृत्व वाले एचडीएफसी वित्तीय सेवा समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। टाटा समूह के बाद यह दूसरा कंपनी समूह है जिसने इस आंकड़े को पार किया है।
- भारत औपचारिक रूप से यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक का का 69 वां शेयरधारक बन गया है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आफ बड़ौदा तथा दक्षिण कोरिया के केबी फाइनेंशियल ग्रुप के साथ फाइनेंसिंग कॉरिडोर तथा डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए करार किया है।
- देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने एचडीएफसी बैंक के साथ 1,500 करोड़ रुपये के मियादी ऋण का करार किया है।
- भारतीय सेना और एसबीआई ने रक्षा वेतन पैकेज पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- रिजर्व बैंक ने मनी लांड्रिंग की रोकथामके लिए डिमांड ड्राफ्ट, पे-ऑर्डर और बैंकर्स चैक पर भुगतान करने वाले का नाम देना अनिवार्य किया।
- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सार्वजनिक क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है।
- थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति जून में बढ़ कर 5.77 फीसदी पर पहुंच गई है|
- जन लघु वित्त बैंक ने आधिकारिक तौर पर अपना वाणिज्यिक बैंकिंग परिचालन शुरू किया है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में ☐ 100 का बैंकनोट जारी करेगा। यह नोट हल्के बैंगनी रंग (लैवेंडर) का होगा और इस पर गुजरात के पाटन में सरस्वती नदी के किनारे स्थित बावड़ी 'रानी की वाव' का चित्रांकन होगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र के पांच केंद्रीय लोक उपक्रमों (पीएसयू) आईओसीएल , ओएनजीसी , गेल , आयल इंडिया तथा एनआरएल ने पूर्वोत्तर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड के क्रियान्वयन के लिये संयुक्त उद्यम के लिये समझौता किया।

अंतर्राष्ट्रीय समाचार

- द्विवार्षिक विश्व नगर सम्मेलन के छठे संस्करण का आयोजन सिंगापुर में हुआ|
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर कनाडा के वैंकूवर में 17 वें विश्व संस्कृत सम्मेलन का उद्घाटन किया है।
- भारत का नवीनतम युद्धपोत आई.एन.एस. त्रिखण्ड सद्भाव यात्रा पर श्रीलंका पहुंच गया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे - इन ने नोएडा में सैमसंग इंडिया का मोबाइल फोन कारखाना शुरू किया। यह दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन कारखाना है।
- संचार कंपनी बुरसान कोह्न ऐंड वुल्फ (बीसीडब्ल्यू) के नवीनतम अध्ययन 'ट्विप्लोमेसी' के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले विश्वनेता हैं जबकि पोप

फ्रांसिस दूसरे और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरे स्थान पर हैं।

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेश सेवा अधिकारी डेविड हेल को विदेश मंत्रालय के तीसरे सबसे बड़े पद - अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के लिए नामित किया है। वर्तमान में हेल पाकिस्तान में अमेरिका के राजदूत हैं।
- भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा, इंडोनेशिया के साबांग बंदरगाह में प्रवेश करने वाला पहला युद्धपोत बन गया है।
- केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरिराज सिंह तथा कोरिया गणराज्य के एसएमई व स्टार्टअप मंत्री होंग जोंग –हाक ने नई दिल्ली में भारत कोरिया प्रौद्योगिकी विनिमय केंद्र का उद्घाटन किया।
- भारत और ब्रिटेन ने विभिन्न न्यायालयों के समक्ष विवादों के निपटारे के मकसद से कानूनी पेशेवरों तथा सरकारी पदाधिकारियों द्वारा अनुभव के आदान - प्रदान से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने साइबर सुरक्षा के खतरों और घृणास्पद भाषण में वृद्धि से जुड़ी चिंताओं का निराकरण करने के उद्देश्य से डिजिटल सहयोग पर अपनी तरह के पहले पैनल का गठन किया है। उन्होंने पैनल सचिवालय के कार्यकारी निदेशक के रूप में वरिष्ठ भारतीय राजनयिक अमनदीप सिंह गिल को नामित किया है।
- 8 वर्षीय भारतीय लड़के ईश्वर शर्मा को 'ब्रिटिश इंडियन ऑफ़ द इयर' के रूप में नामित किया गया है।
- भारत को विश्व सीमा शुल्क संगठन में एशिया-प्रशांत क्षेत्र से दो वर्ष के लिए उपाध्यक्ष चुना गया है।
- भारत और पाकिस्तान रूस की एक मेगा एंटी-आतंक ड्रिल 'पीस मिशन' में भाग लेंगी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने फिनलैंड के हेलसिंकी में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
- अमरीका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी में पहली शिखर वार्ता संपन्न हुई।
- पेरू ने कोलंबिया के साथ अपनी सीमा पर 60 दिनों की आपात स्थिति घोषित कर दी है।
- भारत को विश्व सीमा शुल्क संगठन के एशिया प्रशांत क्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाया गया है |

राष्ट्रीय समाचार

- कानून आयोग सट्टेबाजी को विनियमित करने की सिफारिश की है।
- 'नए भारत के लिए डाटा' पर अंतरराष्ट्रीय गोल मेज सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू हुआ है।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे और आईआईएससी बैंगलोर को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्रदान किया है।
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने देहरादून में देश के पहले ड्रोन एप्लिकेशन अनुसंधान केन्द्र एवं साइबर सुरक्षा केन्द्र का उद्घाटन किया।
- वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2018 के अनुसार, चीन दुनिया के शीर्ष 20 सर्वाधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। स्विटजरलैंड इस सूची में शीर्ष स्थान पर है वहीं भारत 57वें स्थान पर है। यह सालाना रैंकिंग कॉर्नेल विश्वविद्यालय, आईएनएसईएडी और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित की गई।
- पहले "भारत पर्यटन मार्ट (आईटीएम)" का आयोजन 16 से 18 सितंबर 2018 तक नई दिल्ली में किया जाएगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने देश की पहली इंटरनेट टेलीफोन सेवा शुरू की है। अब बीएसएनएल के ग्राहक कंपनी के 'विंग्स' मोबाइल एप से देशभर में किसी भी टेलीफोन नंबर पर कॉल कर सकेंगे।
- भारतीय क्रिकेट टीम के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार रहे बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की।
- रेल मंत्री पीयुष गोयल ने रेलवे की पहली समेकित पुल प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की है। इस वेब सक्षम सूचना प्रौद्योगिकी एप में एक लाख पचास

हजार रेलवे पुलों से संबंधित आंकड़ों का संग्रह हो सकेगा।

- पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018 लॉन्च किया।
- हिमाचल के जिला कांगड़ा में अब 'नो हेलमेट नो पैट्रोल' नियम लागू किया है।
- ओडिशा सरकार ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में 'हेरिटेज कैबिनेट' का गठन किया है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और कानून और न्याय मंत्री केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गोवा आईटी नीति 2018 का अनावरण किया।
- दूरसंचार आयोग ने दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई)नेट न्यूट्रैलिटी की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है।
- पुडुचेरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (पीआईएफएफ) का पहला संस्करण सितंबर में आयोजित किया जायेगा|
- बीबीसी वर्ल्ड सर्विस ने अपना पहला गुजराती भाषा टेलीविजन समाचार बुलेटिन लॉन्च किया है।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 23 जुलाई से रवांडा, युगांडा और दक्षिण अफ्रीका की पांच दिवसीय यात्रा शुरू करेंगे।
- बिहार सरकार ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मियों को अपनी सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण देने का फैसला किया है।
- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में क्यूआर कोड शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की है।
- खेलो इंडिया प्रतिभा विकास योजना के तहत संपूर्ण छात्रवृत्ति के लिए 734 युवाओं का चयन किया गया है।
- केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुग्राम में राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के लिए छात्र पुलिस कैडेट (एसपीसी) कार्यक्रम आरंभ किया।

सम्मेलन

- खान मंत्रालय ने इंदौर, मध्य प्रदेश में खानों और खनिजों पर चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।
- श्रीपद यसो नाइक ने नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) द्वारा आयोजित ‘उत्कृष्टता की ओर बढ़ने – आयुष राष्ट्रीय संस्थानों के प्रमुखों के एक दो दिवसीय सम्मेलन’ का उद्घाटन किया।
- दिल्ली वार्ता (डीडी एक्स) का 10 वां संस्करण नई दिल्ली में शुरू किया गया है।
- भारत और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बीच 7 वीं रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) की बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- पहली दिल्ली-भारत '2 + 2 वार्ता' नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी।
- वित्तीय साक्षरता पर किसानों को शिक्षित करने के लिए एसबीआई ने किसान मेला आयोजित किया।
- चौथा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन काठमांडू में आयोजित किया जाएगा।
- 'स्वास्थ्य मंत्रियों की 8 वीं ब्रिक्स बैठक दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आयोजित हुई।

रिपोर्ट

- औद्योगिक नीति एवं सवर्द्धन विभाग (डीआईपीपी) और विश्व बैंक द्वारा कारोबार सुगमता को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच की गई रैंकिंग में आंध्र प्रदेश शीर्ष स्थान पर रहा है। तेलंगाना और हरियाणा इस रैंकिंग में क्रमश : दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- प्रॉपर्टी सलाहकार सीबीआरई के एक सर्वेक्षण के अनुसार, दिल्ली का कनॉट प्लेस दुनिया में नौंवां सबसे महंगा कार्यालय स्थल बन गया है। यहां एक वर्गफुट क्षेत्रफल का औसत वार्षिक किराया 153 डॉलर (करीब 10,527 रुपये) तक पहुंच गया है।
- फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, भारतीय मूल की प्रौद्योगिकी कार्यकारी जयश्री उल्लाल और नीरजा सेठी ने अमेरिका की 60 धनाढ्य महिलाओं की सूची

में जगह बनायी हैं। अपने बलबूते पर पहचान बनाने वाली 60 महिलाओं की सूची में जयश्री 1.3 अरब डालर के साथ 18 वें स्थान पर जबकि नीरजा एक अरब डालर की नेटवर्थ के साथ 21 वें पायदान पर रही ।

- 2017 के लिए विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिससे फ्रांस सातवें स्थान पर पहुंच गया है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर, टाइम्स हायर एजुकेशन गोल्डन एज यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष 100 और उभरते विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हुआ हैं।
- ब्लूमबर्ग अरबपति सूचकांक के अनुसार, मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।
- संपत्ति सलाहकार सीबीआरई की रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली के कनॉट प्लेस दुनिया का 9वां सबसे महंगा कार्यालय स्थान है।
- अमेज़ॅन के संस्थापक जेफ बेजोस आधुनिक इतिहास में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं|
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, वितीय वर्ष 2018-19 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.3% रहने का अनुमान है।
- एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुसार, वितीय वर्ष 2018-19 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.3% रहने का अनुमान है।

समझौता

- ह्यूस्टन विश्वविद्यालय ने संयुक्त अनुसंधान के माध्यम से वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान के निर्माण के लिए भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- प्राचीन चिकित्सा विज्ञान को ‘‘ वैज्ञानिक मान्यता ’’ देने और इसे तकनीक से जोड़ने के लिए आईआईटी दिल्ली और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के बीच एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रिक्स देशों में क्षेत्रीय विमानन साझेदीरी पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर को स्वीकृति दे दी है।
- मंत्रिमंडल ने औषधिय उत्पाद, औषधिय पदार्थ, जीव विज्ञानिक उत्पाद और कॉस्मेटिक विनियमन के क्षेत्र में भारत और इंडोनेशिया के बीच एमओयू को मंजूरी दी।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पारंपरिक औषधिक व्यवस्था एवं होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और क्यूबा के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए मंजूरी दी है।
- पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन (यूपीपीसीएल) के साथ ऊर्जा दक्षता तथा कृषि मांग प्रबंधन (एजीडीएसएम) कार्यक्रम के लिये एक करारनामे पर हस्ताक्षर किये।
- सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने अमेरिका की एलाइट सॉल्युशंस के साथ उसकी सहयोगी इकाई एलाइट एचआर सर्विसेज इंडिया का 11.7 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण करने का करार किया है।
- भारत और घाना ने सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम और भारतीय मानक ब्यूरो और घाना मानक प्राधिकरण के बीच सहयोग पर दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।
- दिल्ली एम्स ने शिक्षा , अनुसंधान पहुंच कार्यक्रम और चिकित्सकीय सेवाओं में सहयोग के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के साथ एक सहमतिपत्र पर हस्ताक्षर किया है।

नियुक्ति

- ग्रैमी पुरस्कार विजेता इतालवी गायक लौरा पॉसिनी, संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की गुडविल एंबेसडर बनी हैं।
- संदीप संचेती ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के 97 वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने जेरेमी हंट को विदेश सचिव नियुक्त किया है।
- भारत के उपराष्ट्रपति और विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष एम वेंकैया

नायडू ने डॉ टीसीए राघवन को आईसीडब्ल्यूए के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

- सरकार ने आयात निर्भरता को कम करने के तरीकों का सुझाव देने के लिए कैबिनेट सचिव पी के सिन्हा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कार्य बल स्थापित किया है।
- हरियाणा के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी को आचार्य देवव्रत की अनुपस्थिति में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।
- धातु और खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता लि . ने नवीन अग्रवाल को पुन : कंपनी का पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया है।
- कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम 2013 की समीक्षा के लिए 10 सदस्य समिति गठित की है।
- स्वाति बरुआ असम की पहली ट्रांसजेंडर जज बनी है|
- पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रमेश पोवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अंतरिम कोच के रूप में नामित किया गया है।
- कप्तान सिंह सोलंकी को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया|
- टी.वी. नरेंद्रन को भूषण स्टील लिमिटेड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- अनिल कौल को टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।
- भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को जकार्ता और पालेमबांग में 18 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाले 18 वें एशियाई खेलों के लिये भारतीय दल का अभियान प्रमुख बनाया गया है।
- श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना के पूर्व सचिव ऑस्टिन फर्नांडो को भारत में श्रीलंका का अगला उच्चायुक्त नामित किया गया है।
- राजेंद्र मेनन दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालेंगे।
- उपराष्ट्रपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एम वेंकैया नायडु ने पंजाब विश्वविद्यालय के अगले कुलपति के रूप में प्रोफेसर राज कुमार की नियुक्ति की है।
- इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने अमित आनंद आप्टे को अपना अध्यक्ष निर्वाचित किया है।

पुरस्कार

- तपन कुमार चंद को एल्युमिनियम ज्ञान क्षेत्र में असाधारण योगदान देने के लिए ज्ञान उत्कृष्टता पुरस्कार मिला है।
- श्रीलंका में जन्में कनाडाई लेखक माइकल ओंडाटेजे की पुस्तक 'द इंग्लिश पेशेंट ' ने गोल्डन मैन बुकर पुरस्कार जीता है। इस पुस्तक को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के 50 साल पूरे होने पर इस सम्मान से नवाजा गया।
- सिद्ध लोककलाविद डॉ. महेन्द्र भानावत को संस्कृति, साहित्य, एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये प्र कन्हैयालाल सेठिया सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।
- संगीत कलानिधि पुरस्कार 2018 के लिए अरुणा साईराम का चयन किया गया है।
- हेल्थकेयर ऐट होम के सह-संस्थापक और सीईओ विवेक श्रीवास्तव को वार्षिक आंत्रप्रेन्योर इंडिया अवार्ड के आठवें संस्करण में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए "आंत्रप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

निधन

- अनुभवी पत्रकार जे एन साधु का हाल ही में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे।
- प्रसिद्ध कुमाऊनी लोक गायिका कबूतरी देवी का हाल ही में निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थी।
- मेघालय के पूर्व गवर्नर एम एम जैकब का हाल ही में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।
- भारत और दक्षिण कोरिया ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

- भारतीय मूल के प्रख्यात ब्रॉडकास्टर एवं पत्रकार महेंद्र कौल का निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे।
- साधु वासवानी मिशन के प्रमुख एवं आध्यात्मिक गुरू दादा जे पी वासवानी का निधन हो गया। वह 99 वर्ष के थे।
- भारतीय मनोचिकित्सा के अगुआ प्रोफेसर एन एन विग का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।
- पूर्व नागर विमानन महानिदेशक कनु गोहेन का निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे।
- अनुभवी पत्रकार और दैनिक भास्कर समूह के संपादक कल्पेश याज्ञनिक का निधन हो गया। वह 55 वर्ष के थे।
- अनुभवी अभिनेत्री रीता भादुड़ी का हाल ही में निधन हो गया। वह 62 वर्ष की थी।
- प्रसिद्ध गीतकार पद्मभूषण कवि गोपालदास नीरज का निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।
- सीएसआईआर- नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री(एनपीएल) ने भारतीय निर्देशक दृव्य के व्यावसायिक नाम के तहत पेट्रोलियम प्रमाणित संदर्भ सामग्री (सीआरएमएस) के देसी विकास के लिए एचपीसीएल के साथ सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये।
- छत्तीसगढ़ के पूर्व और पहले वित्त मंत्री रामचंद्र सिंहदेव का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।
- जापान के पटकथा लेखक और फिल्म निर्देशक शिनोबु हाशिमोटो का निधन हो गया है। वह 100 वर्ष के थे।

खेल समाचार

- दीपा करमाकर ने तुर्की के मेरसिन में एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक वर्ल्ड चैलेंज कप में स्वर्ण पदक जीता है।
- फेरारी के जर्मन ड्राइवर सेबस्टियन वेट्टेल ने ब्रिटिश ग्रांड प्रिक्स का खिताब जीता है।
- बजरंग पूनिया ने तबलिसि ग्रां प्रि विश्व रैंकिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- सत्यरूप सिद्धांत, मल्लि मस्तान बाबू के बाद दुनिया के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी माउंट ओजोस डेल सलाडो पर चढ़ने वाले दूसरे भारतीय पर्वतारोही बन गए है।
- जिहिली दलबीहेरा ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2018 आईडब्ल्यूएफ जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है।
- हिमा दास ने आईएएएफ विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के महिला 400 मीटर फाइनल दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनकर इतिहास रचा।
- फ्रांस ने क्रोएशिया को हराकर 20 साल बाद फीफा विश्व कप जीत लिया है।
- विनेश फोगट ने स्पैनिश ग्रैंड प्रिक्स रेसलिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता है।
- ब्राजील के ब्रासिलिया में 7 वें विश्व जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में भारतीय टीम ने चार रजत पदक और पांच कांस्य पदक (कुल 9 पदक) जीते।
- भारतीय मुक्केबाजों ने सर्बिया के सुबोटिका में गोल्डन ग्लोववोयवोदिना युवा टूर्नामेंट में सात स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- ग्रीको रोमन पहलवान वीरेश कुंडू ने नई दिल्ली में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है।
- भारत के ग्रीको रोमन पहलवान सजन ने नई दिल्ली में जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 77 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।
- ब्राजील के फुटबॉलर एलिसन बेकर, लीवरपूल फुटबाल क्लब के साथ करार कर केविश्व के सबसे महंगे गोलकीपर बन गए हैं।
- भारतीय पहलवान मानसी ने जूनियर एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जबकि स्वाती शिंदे ने कांस्य पदक जीता।
- शुभंकर शर्मा 147 वीं ओपन चैम्पियनिशप में कट हासिल कर किसी मेजर टूर्नामेंट में कट पाने वाले सबसे युवा भारतीय गोल्फर बन गये।
- लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के जकार्ता में एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।
- भारतीय ऐथलीट मोहम्मद अनस याहिया ने चेक रिपब्लिक में 'सेना नोवेहो मेस्ता नैड मेतुजी मीट' में

400 मीटर प्रतियोगिता में अपना ही नैशनल रेकॉर्ड तोड़ दिया।

समाचार विस्तार

प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में एएसआई के नए मुख्यालय का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के तिलक मार्ग पर बने भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआई) के नए मुख्यालय- धरोहर भवन- का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने पिछले 150 वर्षों में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने इतिहास तथा अपने पुरातात्विक विरासत पर गर्व करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को स्थानीय इतिहास तथा अपने शहरों और क्षेत्रों के पुरातत्व के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुरातत्व के पाठों को स्कूली सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने सुप्रशिक्षित स्थानीय पर्यटक गाइडों के महत्व की चर्चा की, जो इतिहास तथा क्षेत्र की विरासत के जानकार होते हैं।

उन्होंने कहा कि पुरातत्व विशेषज्ञों की प्रत्येक खोज अपनी कहानी कहती है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस के संयुक्त दल द्वारा की गई पुरातात्विक खोजों की जानकारी लेने के लिए कुछ वर्ष पहले अपनी और फ्रांस की राष्ट्रपति की चंडीगढ़ यात्री की चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अपनी विरासत, अपने गौरव और विश्वास को दुनिया को दिखाना चाहिए।

एएसआई के नए मुख्यालय भवन में आत्याधुनिक सुविधाएं है। इनमें ऊर्जा सक्षम प्रकाश व्यवस्था और जल संचयन व्यवस्था शामिल हैं। नए मुख्यालय भवन में केन्द्रीय पुरातत्त्व पुस्तकालय है, जिसमें लगभग 1.5 लाख पुस्तकें और पत्रिकाएं हैं।

रक्षा वेतन पैकेज पर भारतीय सेना और भारतीय स्टेट बैंक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

रक्षा वेतन पैकेज पर 12 जुलाई, 2018 को भारतीय सेना और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता महानिदेशक (एमपीएण्डपीएस), लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. सैनी ने की और इसमें श्री रंजन कुमार मिश्रा, सीजीएम (पीबी), कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन मुम्बई के नेतृत्व में एसबीआई के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

एसबीआई और भारतीय सेना के बीच पहले समझौता ज्ञापन पर 2011 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसका नवीकरण 23 फरवरी, 2015 को किया गया। संशोधित समझौता ज्ञापन सेवारत सैनिकों, पेंशनभोगियों तथा परिवारों की आवश्यकताओं के अनुरूप है। संशोधित समझौता ज्ञापन में अनेक अतिरिक्त सुविधाएं शामिल की गई है, जिनमें निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर, निःशुल्क स्थायी दिव्यांगता कवर तथा शहीद होने वाले सैनिक और परिवार को अन्य दुर्घटना लाभ शामिल है। इस समझौता ज्ञापन से बड़ी संख्या में सेवारत और सेवानिवृत रक्षाकर्मियों को लाभ होगा, जिनके खाते भारतीय स्टेट बैंक में है। यह समझौता ज्ञापन 3 जनवरी, 2019 तक वैध है और समीक्षा के बाद इसे जारी रखा जा सकता है।

राष्ट्रपति ने चार सदस्यों को राज्य सभा के लिए मनोनीत किया

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए और प्रधानमंत्री की सलाह से महामहिम राष्ट्रपति ने निम्नलिखित चार सदस्यों को राज्य सभा के लिए मनोनीत किया है:

श्री राम शकल: वह विख्यात जननेता एवं उत्तर प्रदेश के जन प्रतिनिधि हैं जिन्होंने अपना जीवन दलित समुदाय के कल्याण को समर्पित किया है। वह एक किसान नेता हैं तथा तीन बार उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

श्री राकेश सिन्हा: एक प्रतिष्ठित और विख्यात लेखक श्री राकेश सिन्हा दिल्ली स्थित थिंक टैंक -इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन' के संस्थापक एवं मानद निदेशक हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के मोती लाल नेहरू महाविद्यालय के प्रोफेसर हैं तथा वर्तमान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य भी हैं।

श्री रघुनाथ महापात्र: वह पत्थर पर नक्काशी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय शख्सियत हैं। वह 1959 से इसका अभ्यास कर रहे हैं और 2000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। उन्होंने पारंपरिक वास्तु शिल्पों एवं प्राचीन स्मारकों के परिरक्षण में योगदान दिया है।

श्रीमती सोनल मानसिंह: वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य के सबसे अग्रणी प्रतिपादकों में से एक हैं। वह छह दशकों से अधिक समय से भरतनाट्यम एवं ओडिशी का प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह एक विख्यात नृत्य निर्देशक, शिक्षक, वक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी है।

इस्पात सीपीएसई कर्मचारी पेंशन योजना घोषित

इस्पात मंत्रालय ने अपने नियंत्रण वाले विभिन्न सीपीएसई से पेंशन योजना लागू करने के प्रस्ताव पर सहमति जता दी है जो कार्यकारियों के मामले में 1 जनवरी, 2007 से तथा गैर-कार्यकारियों के मामले में 1 जनवरी, 2012 से या जैसा कि कंपनी द्वारा फैसला किया जाएगा, बाद की किसी तारीख से प्रभावी होगी। कर्मचारी यूनियनों तथा एसएआईएल, आरआईएनएल, एमएसटीसी, एफएसएनएल, एमईसीओएन एवं केआईओसीएल से संबंधित अधिकारी संगठनों से विस्तृत परामर्श के बाद इस समझौते पर सहमति हुई। केन्द्रीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेन्दर सिंह ने नई दिल्ली में इसकी घोषणा की।

मंत्री महोदय के साथ बैठक के दौरान कर्मचारी यूनियनों तथा अधिकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्ति लाभों, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी एवं चिकित्सा लाभ के एक हिस्से के रूप में पेंशन योजना लागू करने सहित उनसे संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री महोदय ने सूचित किया कि इस्पात मंत्रालय के तहत सीपीएसई के कर्मचारियों को पहले ही चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराए जा चुके हैं। एनएमडीसी एवं एमओआईएल ने भी द्वितीय वेतन संशोधन समिति की अनुशंसाओं के अनुसार अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि अन्य सीपीएसई के कर्मचारियों द्वारा पेंशन योजना लागू किए जाने की लंबे समय से मांग की जाती रही है।

चौधरी बीरेन्दर सिंह ने कहा कि पेंशन योजना से इस्पात मंत्रालय के तहत सीपीएसई के 94,000 सेवारत तथा 56,000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ पहुंचेगा तथा 45 करोड़ रुपये प्रति महीने का अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पेंशन योजना सीपीएसई द्वारा सुलभता, भुगतान करने की क्षमता एवं निर्वहनीयता जैसे कारकों पर निर्भर करेगी। इन योजनाओं को संचालित करने के लिए सरकारी बजटीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। योगदान की दर का निर्णय प्रत्येक वर्ष सीपीएसई के संबंधित बोर्डों द्वारा किया जाएगा जो अर्जित किए गए लाभ एवं सेवानिवृत्ति लाभों के 30 प्रतिशत की अधिकतम ऊपरी सीमा (मूल वेतन +महंगाई भत्ता) के अनुसार कंपनी

द्वारा कर्मचारी को दिए भुगतान पर निर्भर करेगा। पेंशन योजना के वास्तविक विवरण एवं कार्यान्वयन की रूपरेखा का निर्माण प्रत्येक सीपीएसई के प्रबंधन द्वारा किया जाएगा।

एनसीसी और एनएसएस के बीच तालमेल कायम करने के लिए समिति का गठन

सरकार ने पूर्व स्कूल शिक्षा सचिव श्री अनिल स्वरूप की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है, जिसमें युवा मामले तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय और एनसीसी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है, जो राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को मजबूत करने के उपायों के बारे में सुझाव देगा।

समिति, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, विस्तारित करने, संसाधनों को तर्कसंगत बनाना और एनएसएस तथा एनसीसी को प्रभावित करने वाले श्रमबल की कम संख्या जैसे मुद्दों पर कार्य करेगी। समिति एनएसएस तथा एनसीसी के बीच तालमेल बनाने की सिफारिश भी प्रस्तुत करेगी और युवाओं को सशक्त बनाने के सुझाव भी प्रस्तुत करेगी।

वर्तमान में एनसीसी के पास देश भर के 716 जिलों में से लगभग 703 में 12 से 26 साल की आयु वर्ग वाले 13.5 लाख कैडेट हैं। देश भर में बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान हैं। जिनमें 8600 की प्रतीक्षा सूची शामिल है और यहां अभी तक एनसीसी का विस्तार नहीं किया गया है। देश में सभी वर्गों में एनसीसी श्रमबल की 5 प्रतिशत से लेकर 36 प्रतिशत तक की कमी है।

एनसीसी का सालान आवंटित बजट लगभग 2200 करोड़ रुपये का है जिसमें से केंद्र सरकार लगभग 1600 करोड़ रुपये की मदद करती है। इतने कम संसाधनों के साथ एनसीसी देश के सभी जिलों में खुद को विस्तारित करने में सक्षम नहीं है और प्रतीक्षा सूची वाले शैक्षिक संस्थानों की जरूरतों को भी पूरा करना है।

हाल ही में एनसीसी और एनएसएस में सुधार लाने के लिए पीएमओ में एक बैठक आयोजित की गई इस बैठक में युवा मामलों के मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के माध्यम से एनसीसी ने भाग लिया था। बैठक में मुख्य रूप से एनसीसी और एनएसएस को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई और इस बात पर भी चर्चा की गई कि इन संस्धानों के माध्यम से कैसे युवाओं के सशक्त बनाया जा सकता है। एनएसएस देश की सेवा में, विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन जैसे सरकारी कार्यक्रम में बहुत सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

कुडनकुलम परमाणु बिजली संयंत्र

परमाणु बिजली पार्क का मतलब एक ऐसी जगह जहां कुल 6000 या इससे अधिक मेगावाट की क्षमता वाले बडी संख्या में रिएक्टर होते हैं। कुडनकुलम परमाणु बिजली संयंत्र में अभी 2 रिएक्टर केकेएनपीपी 1 एवं 2 (2X1000 मेगावाट) कार्यरत हैं और 2 रिएक्टर केकेएनपीपी 3 एवं 4 (2X1000 मेगावाट) अभी निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा 2 और इकाइयों केकेएनपीपी 5 एवं 6 (2X1000 मेगावाट) की स्थापना का काम शुरू हो चुका है। इकाई 3 से लेकर 6 तक का काम पूरा होने के बाद कुडनकुलम 6000 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ परमाणु बिजली पार्क बन जायेगा।

कुडनकुलम में सभी 6 इकाइयों के पूरा होने की लागत 111932 करोड़ रूपये है। इन सभी इकाइयों के 2025-26 तक पूरा होने की उम्मीद है।

यह जानकारी लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में केंद्रीय पूर्वोत्तर विकास (डीओएनईआर) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी।

गुरूत्वाकर्षक तरंगों के अध्ययन के लिए वेधशाला

भारत सरकार ने अमरीका के एलआईजीओ प्रयोगशाला के सहयोग से लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव लेबोरेट्री – इंडिया (एलआईजीओ) के निर्माण और संचालन को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। अमेरिका में 2 लीगो वेधशालाओं की तरह यह तीसरा वेधशाला है। इस बारे में भारत के डीएई-डीएसटी और अमेरिका के राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन की ओर से 30.03.2016 को हस्ताक्षर किये गये। एलआईजीओ इंडिया वेधशाला का वर्ष 2024 में तैयार हो जाना निर्धारित है।

इस परियोजना के लिए विभिन्न जगहों का सर्वेक्षण करने के बाद महराष्ट्र के हिंगोली जिले में एक जगह का प्राथमिक तौर पर चुनाव किया गया और परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अग्रिम चरण में है।

यह जानकारी लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में केंद्रीय पूर्वोत्तर विकास (डीओएनईआर) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेद्र सिंह ने दी।

ब्रिक्स देशों में समझौता ज्ञापन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रिक्स देशों में क्षेत्रीय विमानन साझेदीरी पर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर को स्वीकृति दे दी है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

प्रमुख विशेषताएं:

नागर विमानन के क्षेत्र में सहयोग के लिए संस्थागत ढांचे की स्थापना से ब्रिक्स देशों को लाभ होगा। सहयोग के निम्नलिखित क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं:

- क्षेत्रीय सेवाओं में सार्वजनिक नीतियां तथा श्रेष्ठ व्यवहार
- क्षेत्रीय हवाई अड्डे
- हवाई अड्डा संरचना प्रबंधन तथा एयर नेवीगेशन सेवाएं
- नियामक एजेंसियों के बीच तकनीकी सहयोग
- नवाचार
- वैश्विक पहलुओं पर संवाद सहित पर्यावरण निरंतरता
- योग्यता और प्रशिक्षण
- पारस्परिक रूप से निर्धारित अन्य क्षेत्र

प्रभाव:

यह समझौता ज्ञापन भारत तथा ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच नागर विमानन संबंधों में महत्वपूर्ण है और इसमें ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, निवेश, पर्यटन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढाने की क्षमता है।

Mahendra's
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & State level Examinations

TIME TO FINAL
PREPARATION

Let's Start With
MAHENDRAS

YouTube
Mahendra Guru
SUBSCRIBE

www.mahendras.org
www.mahendraguru.com